| | |
|---|---|
| | भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश् वर<br>**Indian Institute of Technology Bhubaneswar** |

**Press Release**

# आईआईटी भुवनेश्वर को मिला राजभाषा उत्कृष्टता पुरस्कार-2026

**भुवनेश्वर, 22 अगस्त 2026:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर को वित्तीय वर्ष 2025–26 में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन हेतु "राजभाषा उत्कृष्टता पुरस्कार-2026" के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार महामहिम राज्यपाल, ओडिशा के कर-कमलों से 21 अगस्त 2026 को नराकास (कार्यालय-2), नराकास (उपक्रम) एवं नराकास (बैंक), भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "प्रथम अंतरराष्ट्रीय राजभाषा वार्षिक शिखर सम्मेलन, ओडिशा-2026" के अवसर पर प्रदान किया गया।

संस्थान की ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कुलसचिव महोदय एवं डॉ. इंद्रेश यादव, सहायक अध्यापक, भौतिकी विज्ञान ने ग्रहण किया।

यह सम्मान संस्थान में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग, प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों और सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

-------------------